**प्रेस नोट**

**दिनांक 04.07.2025**

**श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम,परिक्षेत्र बांदा द्वारा आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित कर्बला स्थल का निरीक्षण व पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

आज दिनाँक 04.07.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम,परिक्षेत्र बांदा द्वारा आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में पैदल गस्त कर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित कर्बला स्थल का निरीक्षण किया गया एवं थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। तथा धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए आगामी त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा निरीक्षण के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि मोहर्रम के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, साथ ही अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता से निगरानी रखें तथा अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखें। कर्बला क्षेत्र की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। तथा त्यौहार पर शान्ति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया । हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शान्तिपूर्ण त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।